CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:58 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:54 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 15 अंक 217 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. मंगलवार, 20 फरवरी 2024

एंजियोप्लास्टी के दौरान ओटी...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## एक व्यक्ति ने दोस्त से डान बन कर हजारों की धोखाधड़ी की

**रुद्रपुर।** अज्ञात व्यक्तिफ़ ने डॉन पर खुद को दोस्त बताकर एक व्यक्तिफ़ से हजारों रुपए की धोखाधड़ी कर ली गई। कश्मीर सिंह पुत्र स्व-फौजा सिंह निवासी ग्राम अमरपुर ने पुलिस को बताया कि 18 फरवरी की दोपहर उसके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाला व्यक्ति बोला कि तुम्हारा दोस्त प्रेम बोल रहा हू। बहुत परेशानी में हू एक्सीडेंट हो गया है। डाक्टर को रूपये देने है मोबाइल से रूपये नहीं जा रहे है। तुम्हारे मोबाइल में 12000 हजार रूपए डाल रहा हूँ। तुम डाक्टर के मोबाइल पर रूपये पेटीएम कर दो। कश्मीर का कहना है कि इसके बाद उसके मोबाइल फोन पर 12000 हजार रुपए का मैसेज आया और उसने ऑन काल पर ही डाक्टर को उसके पेटीएम नंबर पर 7000 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिये। इसके बाद जब उसने अपना बैलेन्स चेक किया तो देखा कि उसके खाते से सात हजार रूपये कट गये है। पुलिस ने बताया कि जांच की जा रही है।

## कुमाऊं विवि इग्नू का 37वाँ दीक्षांत समारोह आज

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के इग्नू के मुख्य समन्वयक प्रो.ललित तिवारी ने बताया कि इग्नू का 37वाँ दीक्षांत समारोह मंगलवार (आज) होगा। समारोह का मुख्य कार्यक्रम इग्नू मुख्यालय नई दिल्ली परिसर में आयोजित किया जाएगा जिसके मुख्य अतिथि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे। प्रो.तिवारी के मुताबिक मुख्यालय के साथ-साथ यह कार्यक्रम देशभर में इग्नू के विभिन्न क्षेत्रीय केन्द्रों पर भी आयोजित किया जाएगा। डॉ. देवेन्द्र भसीन उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड राज्य उच्च शिक्षा उन्नयन समिति विशेष अतिथि के रूप में उपाधि धारकों को अपना आशीर्वाद देकर उन्हें मार्गदर्शित करेंगे। कार्यक्रम में लगभग 3300 उपाधि धारकों उपाधि प्राप्त करेंगे।

# राहुल गांधी को जमानत मिली, 25-25 हजार के दो बेल बांड भरे

नई दिल्ली
एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने उनकी जमानत मंजूर कर ली। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर सोमवार को अमेठी में दाखिल हुए थे।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंगलवार को सुबह 11ः05 बजे दीवानी न्यायालय पहुंचे। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के



मजिस्ट्रेट योगेश कुमार यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जमानत अर्जी मंजूर कर 25-25 हजार रुपए के दो जमानतनामा दाखिल करने पर रिहा करने का आदेश दिया।

कोर्ट में करीब 15 मिनट रहने के बाद राहुल गांधी 11ः20 बजे अदालत से निकल गए। मामले में अगली सुनवाई 2 मार्च को होगी। कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष विजय मिश्र ने चार अगस्त 2018 को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी विजय मिश्र का आरोप है कि 15 जुलाई 2018 को कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

जिससे वो आहत हुआ। राहुल गांधी अमहट हवाई पट्टी पर हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद सड़क मार्ग से कोर्ट पहुंचे। परिवादी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि कोर्ट ने परिवादी व अन्य गवाहों का बयान दर्ज करने के बाद 27 नवंबर 2023 को राहुल गांधी को तलब करने का आदेश दिया था।

सोमवार को राहुल गांधी के अधिवक्ता केपी शुक्ल ने आत्मसमर्पण व जमानत अर्जी के साथ ही मौका अर्जी देकर कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के कारण राहुल गांधी कोर्ट में हाजिर नहीं हो सकते हैं। उन्होंने मामले में मंगलवार को सुनवाई करने का अनुरोध किया। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश कुमार यादव ने जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तिथि नियत की थी।

बोले- पहले बम-बंदूक और अपहरण से जुड़ी खबरें आती थीं

# विकसित हो रहा जम्मू-कश्मीर, पीएम दी साढ़े 32 हजार करोड़ रुपए की सौगात

जम्मू/नई दिल्ली
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जम्मू के एमए स्टेडियम में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने साढ़े 32 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास किया।

पीएम ने कहा कि दिल्ली-अमृतसर-कटड़ा एक्सप्रेस वे का काम तेजी से जारी है। इसके बनने पर जम्मू कश्मीर पहुंचना और भी आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया जम्मू कश्मीर की सुंदरता, परंपरा, मेहमाननवाजीके लिए यहां आने के आतुर हैं। जम्मू कश्मीर में देशी और विदेश पर्यटकों की संख्या में भारी उछाल आया है। पिछले साल जम्मू कश्मीर में दो करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए। पिछले साल बीते एक दशक में मां वैष्णो देवी आने वाले भक्तों की सबसे ज्यादा दर्ज की गई है। कश्मीर की वादियों में आने वाले स्विट्जरलैंड जाना भूल जाएंगे।

कश्मीर में कभी कभी बंद और हड़ताल का सन्नाटा रहता था। लेकिन अब रातों में चहल-पहल दिखाई देती है।



पीएम मोदी ने कहा कि आज श्रीनगर से संगलदान और संगलदान से बारामुला के लिए ट्रेन चली है। वो दिन दूर नहीं जब देशवासी ट्रेन में बैठकर कश्मीर पहुंचेंगे। आज कश्मीर को पहली इल्ट्रिक ट्रेन मिली है।

अब जम्मू कश्मीर को दो वंदे भारत ट्रेन की सुविधा दी गई है। पीएम मोदी ने कहा कि प्रदेश के विकास में सबसे बड़ी दीवार अनुच्छेद 370 की थी। इस दीवार को भाजपा की सरकार ने ढहा दिया है। पीएम ने जनता से आह्वान किया कि इस लोकसभा के चुनाव में भाजपा को 370 सीटें दीजिए और एनडीए को 400 पार कर दिजिए। कहा कि जम्मू कश्मीर में एक वो दिन थे जब स्कूल जलाए जाते थे, एक आज के दिन आए हैं जब स्कूल सजाए जाते हैं। पहले गंभीर बीमारी के इलाज के लिए दिल्ली जाना पड़ता था। लेकिन अब जम्मू में ही एम्स बनकर तैयार हो गया है। कहा कि जम्मू कश्मीर परिवारवाद का शिकार हुआ। अब प्रदेश परिवाद के चंगुल से बाहर निकल रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि कभी बम, बंदूक, अपहरण, अलगाव से जुड़ी खबरें जम्मू कश्मीर से आती थी। लेकिन अब जम्मू कश्मीर विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। पीएम ने डोगरी भाषा से संबोधन शुरू किया। पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर के साथ उनका चालीस साल से नाता रहा है।

# सीएम धामी ने मंत्रिमंडल सहित रामलला व हनुमानगढ़ी के दर्शन किए

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अयोध्या में मंदिर निर्माण होना राम युग की शुरुआत है। यह प्रत्येक सनातनी के लिए गर्व की बात है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद रामलला अपने जन्म स्थान पर भव्य मंदिर में विराजित हुए हैं। यह विश्व के प्रत्येक सनातनी की भावनाओं की जीत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस कालखंड में फिर से राम युग का आरंभ हुआ है। मुख्यमंत्री धामी ने मंगलवार को मंत्रिमंडल के अपने सहयोगियों के साथ रामलला के दर्शन किए। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जब वह लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ाई करते थे तब कई बार अयोध्या आए। उस समय यहां पर भगवान रामलला को टेंट में विराजे देखकर भावुकता होती थी। आज गर्व का अनुभव हो रहा है। टेंट से रामलला भव्य महल में विराजमान हो चुके हैं।

धामी ने बताया कि अयोध्या में उत्तराखंड सदन का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी से जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। उत्तराखंड और अयोध्या धाम का आपस में बहुत गहरा संबंध है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बड़ी संख्या में वहां के लोग यहां प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए आएंगे। ऐसे में सदन का निर्माण हो जाने से उत्तराखंडवासियों को सहूलियत होगी। जब उनसे पूछा गया कि राम मंदिर निर्माण का लाभ लोकसभा चुनाव में मिलेगा तो उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि प्रभु श्रीराम यत्र, तत्र, सर्वत्र हैं।



# सोने की बताकर नकली अंगूठी थमा मां बेटे से हजारों की ठगी

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

पुलिस द्वारा सीज गाड़ी को छुड़वाने के लिए मां पुत्र ने एक व्यक्ति को मदद के नाम पर सोने की बताकर नकली अंगूठी थमा 50 हजार रुपए की चपत लगा दी। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

ग्राम बिंदुखेड़ा निवासी गुरमीत सिंह ने पुलिस को बताया कि ग्राम निवासी एक व्यक्तिफ़ अपनी माता के साथ 28 जनवरी को सुबह करीब 4 बजे उसके आये और आते ही दोनों रोने लगे।कहने लगे उनकी गाड़ी को पुलिस ने सीज कर दी है। गाड़ी का जुर्माना भरने के लिए तुरन्त पैसों की जरूरत है। ये लोग अपने साथ दो अंगूठी लेकर लाये थे बताने लगे कि ये सोने की है। जेबर रख कर ही पैसे देने के लिए कहने लगे। उनकी बातों पर विश्वास करके उन्हें 50 हजार रूपये मात्र दो दिन के लिए उधार दिये। लेकिन जब उन्होंने पैसे वापिस नहीं किये और कहने लगे कि उत्तफ़ अंगूठीयों को सुनार के पास गिरवी रखकर अपने पैसे ले ले, ये लोग सुनार से अगूठी छुड़ा लेंगे।

गुरमीत का आरोप है कि जब वह सुनार के पास गया, तो पता चला कि उत्तफ़ अंगूठियां नकली है। अपने रुपए वापस मांगने पर उत्तफ़ लोग जान से मारने की धमकी दे रहे है। 13 फरवरी को सुबह दोनों मां पुत्र उसके घर के अन्दर घुस आये, और मारपीट करने पर अमादा हो गये हैं, किसी तरह से उसने अपनी जान बचाई। फिलहाल पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

# रुद्रपुर गांधी पार्क में सरकार के खिलाफ गरजीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ती, सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन जिला इकाई के बैनर तले भारी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने गांधी पार्क में जोरदार नारेबाजी के साथ प्रदर्शन कर धरना दिया।

धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते जिला अध्यक्ष मनप्रीत कौर ने कहा कि न्यूनतम मजदूरी को देते हुए 600 रुपए प्रति दिन के हिसाब से और 18 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाये। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को रिटायरमेंट होने पर 2 लाख रुपए देने का प्रावधान रखा जाये जिससे वह अपनी बची जिन्दगी अच्छी तरह व्यतीत कर सकें। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को गोल्डन कार्ड जारी किया जाए जिससे वह भी सरकारी



योजनाओं का लाभ प्राप्त सके। मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों का उच्चीकरण करने के लिए शासनादेश शीघ्र जारी किया जाए। जिला महामंत्री रंजीता अरोरा ने कहा कि सरकार हठधर्मिता पर उतारू है। जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होगा वह ऑन लाइन कोई भी कार्य संपादित नहीं करेंगे। उनकी मांगे स्वीकार नहीं हो जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान माधुरी, निशा, रेहाना , मुनीजा , तबस्सुम, संध्या सक्सेना, नीलम, राखी, सीमा पाल, हिना,कंचन चौहान, खुशबू कनौजिया, सहित कई आंगनवाड़ी कार्यकर्ती मौजूद थीं। संगठन द्वारा मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी आदि को ज्ञापन प्रेषित किए गए।

# चार दिवसीय बसन्त महोत्सव-2024 का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**





प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति पैंटपड़ाव रामनगर द्वारा 14 फरवरी से आयोजित चार दिवसीय बसन्त महोत्सव- 2024 में प्रतिभाग कर प्रयोगांक नैनीताल के कलाकार वापस लौट आए हैं। महोत्सव में आयोजित प्रतियोगिता में मदन मेहरा लिखित प्रयोगांक नैनीताल द्वारा प्रस्तुत नाटक भगतु माया को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

बता दें कि नाटक में गीत उत्तराखंड राज्य गीत के लेखक हेमंत बिष्ट द्वारा लिखे गये थे जबकि नवीन बेगाना द्वारा नाटक का संगीत निर्देशित किया गया था जबकि नाटक का निर्देशन मदन मेहरा व उमेश कांडपाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। दादा-दादी नाना- नानी से सुनी दंत कथा पर आधारित इस नाटक में दर्शाया गया था कि सामंतवादी शक्ति का सामना खेतिहर द्वारा एकता और समझधारी का परिचय देकर किया जा सकता हैं। नाटक प्रयोगात्मक होते हुए जागर शैली को समायोजित किये हुए था।

नाटक में भास्कर बिष्ट, योगिता तिवारी, राहुल पडियार, नीरज डालाकोटी, उमेश कांडपाल, मदन मेहरा, पवन कुमार, काव्यांश तथा पंकज, अर्जुन, चित्रा, अनुष्का, आरती, निकिता, अनवर रजा, मुकेश धस्माना, अफ रोज अंसारी तथा जावेद हुसैन द्वारा भूमिकाएं निभाई गयी जबकि संगीत में नवीन बेगाना, भुवन कुमार, उमा, संजय कुमार, धीरज कुमार, कैलाश कपिल, रवि नेगी तथा रोहित कुमार द्वारा सहयोग प्रदान किया गया है।

मंचन हेतु अन्य सहयोग मिथिलेश पांडे, मनोज चौन्याल, नासिर अली, रोहित वर्मा, कौशल शाह जगाती, मनोज साह, विमल चौधरी, मोहित साह तथा अमन महाजन द्वारा दिया गया। बसंत महोत्सव- 2024 के दौरान प्रयोगांक नैनीताल ने नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री योगिता तिवारी, सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक नवीन बेगाना,सर्वश्रेष्ठ पटकथा मदन मेहरा,सर्वश्रेष्ठ निर्देशक मदन मेहरा व उमेश कांडपाल द्वारा भी पुरस्कार प्राप्त किए गए जबकि लोक नृत्य नाटिका अभिमन्यु वध के लिए भी प्रयोगांक नैनीताल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ जबकि प्रतियोगिता में दूसरा स्थान रामनगर व तीसरा स्थान कोटद्वार को प्राप्त हुआ।

नैनीताल नगर के वरिष्ठ रंगकर्मी जहूर आलम, हरीश सिंह राणा, डी.के.शर्मा,राजेश आर्य, मंजूर हुसैन, अनिल घिल्डियाल, अजय कुमार, हसन रजा, डॉ. मोहित सनवाल, खुर्शीद हुसैन तथा आकाश नेगी आदि द्वारा प्रयोगांक नैनीताल के कलारकारों के बेहतर प्रदर्शन व पुरुस्कार हासिल करने पर उन्हें अपनी मुबारकबाद देते हुए सभी कलाकारों के बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# लेक ब्रिज चुंगी व डीएसए फ्लैट्स की निविदा आवेदन रद्द

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी नैनीताल की लेक ब्रिज चुंगी व डीएसए फ्लैट्स पार्किंग ठेके को लेकर सोमवार को तकनीकी निविदा खोली गई जिसमें दस्तावेज पूरे नहीं होने के कारण एक आवेदन रद्द कर दिया गया। डीएसए मैदान के लिए कोई आवेदन नहीं मिला। जिसके लिए दोबारा टेंडर आमंत्रित किया जाएगा। मालूम हो कि शहर पालिका ने फरवरी पहले सप्ताह में लेकब्रिज चुंगी व डीएसए फ्लैट्स पार्किंग ठेके को लेकर निविदा आमंत्रित की थी। जिसमें लेक ब्रिज चुंगी के लिए 2.15 करोड़ व डीएसए पार्किंग के लिए 1.40 करोड़ न्यूनतम धरोहर राशि निर्धारित की गई थी। सोमवार को पालिका प्रशासक एसडीएम केएन गोस्वामी, मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा समेत टेंडर कमेटी के समक्ष टेक्निकल बिट खोली गई।

लेकब्रिज चुंगी के लिए तीन लोग उमेश चंद्र मिश्रा, प्रदीप सिंह बोरा, नवीन अग्रवाल ने आवेदन किया था। जांच में दस्तावेज पूरे नहीं होने पर प्रदीप सिंह बोरा का आवेदन रद्द कर दिया गया, जबकि अन्य दो आवेदकों के दस्तावेज पूरे मिले। एसडीएम ने बताया कि 23 फरवरी को टेंडर खोले जायेंगे। डीएसए पार्किंग के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। जिसके लिए दोबारा टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# संघचालक माधवराव का जन्मदिन राष्ट्रीय साहित्य बिक्री दिवस के रूप में मनाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वितीय सर संघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर के जन्म दिवस को सोमवार को राष्ट्रीय साहित्य बिक्री दिवस के रूप में मनाया गया।

इस दौरान नगर के सभी नगर केंद्रों में राष्ट्रीय साहित्य के बिक्री स्टॉल लगाए गए। साहित्य पुस्तकों में संघ परिचय डॉ हेडगेवार वीर सावरकर की जीवनी और भारत की महान नारियां, प्रेरक बाल कथाएं तथा पर्यावरण प्रेमी, हिंदू दृष्टि, उत्तराखंड की महान विभूतियां, परमवीर चक्र प्राप्त विभूतियां तथा श्रीराम का साहित्य आदि शामिल रहा। आरएसएस के जिला प्रचार प्रमुख नवीन भट्ट ने बताया कि संघ के द्वितीय सर संघ चालक की जयंती को संघ साहित्य बिक्री दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके जीवन से स्वयं सेवकों को नई दिशा मिलती है। तल्लीताल बाजार तथा गांधी चौक में बुक स्टॉल लगाया गया। जिसका शुभारंम्भ नगर कार्यवाह उमेश सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि संघ साहित्य समाज की वैचारिक गरीबी दूर कर सामाजिक समरसता का निर्माण करता है और समस्त समाज राष्ट्रभक्त हो ऐसा प्रयास करता है। इस अवसर पर नगर विस्तारक कमलेश तथा नगर प्रचार प्रमुख चन्दन जोशी, पंकज भट्ट, दीपक मेलकानी तथा भावेश सिंह मौजूद रहे।




## NEWS / फटाफट

### याचिकाकर्ता को अनुमति देने का निर्देश

**नैनीताल।** पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर और इंस्पेक्टर की भर्ती के लिए उम्र पर विचार करने की कट ऑफ तिथि को चुनौती देने वाले अभ्यर्थी को अंतरिम राहत देते हुए उत्तराखंड लोक सेवा आयोग को याचिकाकर्ता के आवेदन को स्वीकार करने और अनुमति देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई पहली मई को तय की है। बता दें कि हल्द्वानी के मोहित वर्मा ने याचिका दायर कर ने यूकेपीएससी द्वारा 31 जनवरी को जारी विज्ञापन की शर्त को चुनौती दी, जहां उम्र पर विचार करने की कट ऑफ 1 जुलाई 2023 के बजाय 1 जुलाई 2024 तय की गई है। याचिका में कहा गया है कि रिक्तियां भर्ती वर्ष 2023-24 से संबंधित हैं इसलिए कट ऑफ भी तारीख 1 जुलाई 2023 तय की जानी चाहिए थी। कट ऑफ 2014 में जारी अधिसूचना के अनुसार तय की गई है जिसमें कहा गया था कि कट ऑफ उस वर्ष की पहली जुलाई तय की जाएगी जिसमें भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जाएगा। न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने यूकेपीएससी को जवाबी हलफ नामा दायर करने के लिए 6 सप्ताह का समय दिया और याचिकाकर्ता को प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया।

### पुलिस ने वरिष्ठ नागारिकों हाल जानने को विशेष अभियान चलाया



**नैनीताल।** नगर में तल्लीताल पुलिस के द्वारा थाना प्रभारी रमेश सिंह बोहरा के दिशा निर्देशन में सोमवार को पूरे थाना क्षेत्र में समाज के वरिष्ठ नागारिकों से मिलकर उनके हाल- चाल जानने का विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों की ओर से भी पुलिस कर्मियों को जुग- जुग जियो का आशीर्वाद दिया गया। पुलिस के मुताबिक सभी वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा पूछने पर बताया गया कि उनके बेटों- बहुओं के द्वारा उनका अच्छे से ध्यान रखा जा रहा है। अभियान के दौरान पुलिस की ओर से बुजुर्गों की सुरक्षा व सहायता के लिए उनको अपने नंबर भी दिए गए जिनके माध्यम से बुजुर्ग 24 घंटे किसी समय भी उनसे सहायता प्राप्त कर सकते हैं साथ ही क्षेत्र में रह रहे लाइसेंसधारी नागरिकों के शस्त्रों का भी सत्यापन किया गया। अभियान में चीता मोबाईल हेड शिव राज सिंह राणा समेत कई अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स: 05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# नैनीताल में परिवहन विभाग के सचिव ने किया रोडवेज स्टेशन के सौंदर्यीकरण का निरीक्षण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



सूबे के पेयजल एवं परिवहन विभाग के सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी ने सोमवार को नैनीताल में रोडवेज स्टेशन के सौंदर्यीकरण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था समेत संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। कहा कि जल्द ही काम पूरा कर संबंधित बिल्डिंग विभाग को हस्तांतरित की जाए।

बता दें कि तल्लीताल स्थित डांट में पूर्व में परिवहन विभाग का रोडवेज स्टेशन था। रोडवेज स्टेशन को अन्यत्र शिफ्ट कर यहां नए भवन को पहाड़ी स्वरूप दिया गया है। जिसका सौंदर्यीकरण कर यहां 1.19 करोड़ की लागत से पर्यटन गेस्ट हाउस तथा फूड कोर्ट आदि बनाए गए हैं। निरीक्षण के दौरान सचिव ह्यांकी ने कहा कि फर्नीचर समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर बजट के आकलन का ब्यौरा तत्काल दिया जाए। उन्होंने कहा कि इसके ठीक सामने बिजली के तार अंडरग्राउंड किया जाए। साथ ही साफ सफाई समेत अन्य उचित व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाए।

इस दौरान उन्होंने पूरे भवन का जायजा लिया। कहा कि नए भवन में स्थानीय उत्पादों के साथ ही हैंडीक्राफ्ट समेत अन्य उत्पादों को स्थान दिया जाएगा। सचिव ने कहा कि नई जगह में बनाए गए रोडवेज स्टेशन में भी रिपेयरिंग को लेकर प्रस्ताव तत्काल दिया जाए। जिससे वहां समय पर काम किया जा सके। इस मौके पर रोडवेज की आर एम पूजा जोशी समेत जीवन आर्य, हेमंत गुणवंत तथा मंडी परिषद के सहायक अभियंता उमेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# लाभार्थी से संपर्क को कार्यशाला का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

**तैयारी**

● 6 करोड़ लाभार्थी से घर- घर जा कर संपर्क करेंगे

भाजपा जिला महामंत्री रंजन बर्गली द्वारा कालाढूंगी मण्डल में लाभार्थी संपर्क की कार्यशाला को संबोधित किया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आजकल सभी मंडलों पर लाभार्थी से संपर्क के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है इसी उपलक्ष्य में आज कालाढूंगी मंडल में लाभार्थी संपर्क अभियान की मंडल कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में जिला महामंत्री भाजपा रंजन सिंह बर्गली उपस्थित रहे। उनके द्वारा बताया गया कि आगामी 25 फ़रवरी से 5 मार्च तक चलने वाले इस अभियान में पूरे देश के 25 लाख भाजपा कार्यकर्ता मण्डल स्तर पर सभी बूथों में लगभग 6 करोड़ लाभार्थी से घर- घर जा कर संपर्क करने वाले है।। संपर्क के दौरान प्रत्येक लाभार्थी से केंद्र सरकार द्वारा दिये गये टोल फ्री नंबर - 9638002024 पर मिस्ड काल करानी है। नैनीताल जिले में सभी 22 मण्डलों के 1 हज़ार 10 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता लाभार्थी से घर-घर संपर्क करेंगे। कार्यशाला में विधायक आदरणीय बंशीधर भगत मंडल प्रभारी नितिन राणा , मंडल अध्यक्ष विक्रम जन्तवाल, नमो ऐप के जिला सह संयोजक रत्नेश साह , मंडल महामंत्री हरीश मेहरा अभियान के मंडल संयोजक विनोद बुधलाकोटी सहित मण्डल पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# अभिमत

## जीवित बच्चे जैसी मूर्ति

***जिस तरह से पांच सौ साल बाद अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राणप्रतिष्ठा होना अविश्वसनीय को विश्वसनीय सिद्ध करना हुआ है, उसी तरह ज्ञानवापी के तलगृह में देव प्रतिमाओं का पूजन भी करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों के लिए आश्चर्य के साथ गर्व का विषय है। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के नवनियुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र का यह कथन महत्वपूर्ण है कि प्राण प्रतिष्ठित मूर्ति जीवित बच्चे के समान होती है। न्यायालय के आदेश के बाद ज्ञानवापी के तलगृह में देव प्रतिमाओं की पूजा में देरी न्यायिक के साथ धार्मिक दृष्टि से भी उचित नहीं थी, इसलिए पूजा शुरू कर दी गई।***

सच को कितना ही झुठलाने की कोशिश की जाये, वह छिपता नहीं है। प्रमाण को कितनी भी गहराई में दबा दिया जाये, एक न एक दिन वह उजागर होता है, यह बात वाराणसी के ज्ञानवापी मामले में हुई है। काशी में मंदिर को ध्वस्त कर ज्ञानवापी मस्जिद बनाई गई थी। न्यायालय के आदेश पर पुरातत्व विभाग ने सर्वे किया तो तहखाने में देव प्रतिमाएं, वास्तुशिल्प से जुड़ी कलाकृतियों वाले पत्थर, शिलालेख तथा अलग-अलग शासकों के समय जारी किये गये सिक्के मिले। ज्ञानवापी परिसर में कई तहखाने हैं। सबसे अधिक देव प्रतिमाएं तथा पौराणिक सामग्री दक्षिणी तहखाने में मिली। न्यायालय ने साक्ष्य के आधार पर उस तहखाने को व्यासजी का तलगृह घोषित करते हुए देव प्रतिमाओं की पूजा का आदेश दिया। समुदाय विशेष ने बाजार बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रशासन ने न्यायालय के आदेश का पालन कराते हुए देव प्रतिमाओं की पूजा का शुभारंभ कराया। जिस तरह से पांच सौ साल बाद अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राणप्रतिष्ठा होना अविश्वसनीय को विश्वसनीय सिद्ध करना हुआ है, उसी तरह ज्ञानवापी के तलगृह में देव प्रतिमाओं का पूजन भी करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों के लिए आश्चर्य के साथ गर्व का विषय है। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के नवनियुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र का यह कथन महत्वपूर्ण है कि प्राण प्रतिष्ठित मूर्ति जीवित बच्चे के समान होती है। न्यायालय के आदेश के बाद ज्ञानवापी के तलगृह में देव प्रतिमाओं की पूजा में देरी न्यायिक के साथ धार्मिक दृष्टि से भी उचित नहीं थी, इसलिए पूजा शुरू कर दी गई। फिलहाल श्रद्धालुओं को तलगृह के द्वार से ही दर्शन की अनुमति है। ज्ञानवापी परिसर के पूरे क्षेत्र का सर्वे होने पर साबित हो जायेगा कि वहां मंदिर को ध्वस्त कर मस्जिद बनाई गई थी। यह एक मामला नहीं है। मुगल शासकों ने खाली जमीन पर मस्जिद कम बनाईं और मंदिरों को ध्वस्त कर मस्जिद बनाने को प्राथमिकता दी। मथुरा में भी श्रीकृष्ण जन्मभूमि का मामला वर्षों से न्यायालय में लंबित है। तुष्टिकरण की नीति के तहत वोट की राजनीति करने वाली कांग्रेस के शासन काल में मंदिरों में पूजा करना भी खतरे से खाली नहीं था। काशी, अयोध्या, मथुरा के साथ ही देश के अन्य शहरों व गांवों में सुबह और शाम को अजान के समय मंदिरों में आरती तक करने से लोग डरते थे। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूजा-पाठ करने के लिए हिन्दुओं में व्याप्त डर को निकाल दिया है। ज्ञानवापी की तरह मथुरा में ईदगाह परिसर में भी सर्वे होने पर देव प्रतिमाएं तथा अन्य सामग्री मिलने पर मंदिर का सच उजागर होने की उम्मीद बढ़ी है।

# व्यापार मंडल पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व सदस्यों की एक आपात बैठक सोमवार को आर्य समाज मंदिर सभागार में हुई। बैठक में बाजारों में पालिका प्रशासन द्वारा की हुई उद्घोषणा और मीडिया के हवाले से जो जानकारी प्राप्त हुई है कि किन्ही बाजार क्षेत्र में पाँच फीट की नगर पालिका की अनुमति झाप को लगाने के लिए वर्ष 2020 में दी गई थी। मामले को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन ने बताया कि बैठक के बाद पालिका प्रशासक के.एन. गोस्वामी से मुलाक ात की गई और व्यापार मंडल द्वारा उन्हें स्पष्टता से कहा गया कि किसी भी दुकानदार को अपनी दुकान की कोई भी फोटो या झाप लगाने के लिए लिखित में आवेदन करने की कोई भी जरूरत नहीं है क्यों कि सभी व्यापारी और सभी बाजारों के दुकानदार अपनी हद में हैं और झापे नियमानुसार दायरे के अंदर हैं। पालिका प्रशासक को यह भी बताया गया कि व्यापार मंडल के संज्ञान में मीडिया के हवाले से बात सामने आयी है कि नगर पालिका द्वारा किन्हीं बाजार क्षेत्रों में जो वर्ष 2020 में पांच फीट तक झाप या शेड लगाने की अनुमति प्रदान की गई है उस अनुमति का संज्ञान लेते हुऐ सभी बाजारों की दुकानों की झापें नियमानुसार होने के साथ साथ पांच फीट के अंदर है और सभी व्यापारियों द्वारा मैन्युअल फोल्डिंग धूप और बारिश के शेड्स को भी अंदर कर लिया गया है।

टंडन के मुताबिक पालिका प्रशासक द्वारा आश्वासन दिया गया कि अगर सब नियमानुसार है और पूर्व में किसी भी पालिका की अनुमति प्रदान करे दायरे में है तो कोई अनुमति या आवेदन की जरुरत किसी भी दुकानदार को नहीं है। सभी व्यापारी किसी भी भय या किसी के डर या दबाव में ना आये और माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल बाजारों में व्यापारियों के साथ कोई भी अन्याय या असमानता से हुई किसी भी कार्यवाही के खिलाफ खड़ा रहेगा और कोई भी नाइंसाफी बाजारों में व्यापारियों के साथ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही समानता से और एक नियम और कायदा कानून अपनाते हुऐ प्रशासन के सही कदमों का व्यापार मंडल समर्थन करेगा अन्यथा नहीं।

## उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने को प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान

नैनीताल। कुमाऊं विवि के जन संपर्क अधिकारी के.के.पांडे ने बताया कि उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम- उषा) शुरू किया गया है एवं इस वर्ष प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) के तहत देश के 26 विश्वविद्यालयों को अपने शैक्षणिक बुनियादी ढांचे तथा अनुसंधान क्षमताओं और समग्र शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने के लिए 100 करोड़ की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है। पांडे ने बताया कि मल्टीपल डिसीप्लीनरी एजुकेशन और रिसर्च यूनिवर्सिटीज (मेरू) कैटेगरी में उत्तराखंड राज्य में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल को प्रयोगशालाओं को उन्नत करने तथा कक्षाओं को आधुनिक बनाने, नवाचार केंद्रों को बढावा देने और अंत: विषय अनुसंधान को बढावा देने के लिए 100 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

# व्यापार मंडल हल्दूचौड़ इकाई का चुनाव कार्यालय खुला, 23 को होगा नामांकन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल नगर इकाई हल्दूचौड़ के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ मंगलवार को लालकुआं विधायक मोहन बिष्ट ने किया। विधायक बिष्ट ने कहा व्यापार मंडल हल्दूचौड़ के जो भी निर्वाचित कार्यकारिणी बनेगी, वह व्यापारियों के हितों के साथ ही जनहित के मुद्दों को उठाकर हल्दूचौड़ व्यापार क्षेत्र के विकास हेतु कार्य करे।

इसमें सहयोग दिया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने कहा कि चुनाव अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि चुनाव पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कराएं, इसके लिए संगठन प्रतिबद्ध है। प्रदेश मंत्री रूपेंद्र नागर और जिला संयुक्त महामंत्री कौशलेन्द्र भट्ट ने कहा कि संगठन की ओर से पहली बार हल्दूचौड़ में चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से इकाई गठित की जाएगी। जिला स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण की जा रही है।

चुनाव संपन्न कराने हेतु अन्य नगर इकाई के पदाधिकारी चुनाव कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी हरेंद्र गोस्वामी ने बताया कि कुल 255 व्यापारियों ने हल्दूचौड़ के चुनाव में सदस्यता ली है। सभी सदस्यों से चुनाव कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का आवाहन किया,सहायक चुनाव अधिकारी बहादुर सिंह बिस्ट और कृष्णानंद जोशी ने बताया कि चुनाव में अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री, महिला उपाध्यक्ष,महिला सचिव, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री, प्रचार मंत्री पद पर नामांकन 23 फरवरी को कराया जाएगा।

22 फरवरी को नामांकन फार्म चुनाव कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। चुनाव कार्यालय प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक खुलेगा। इस मौके पर रवि राणा, विशाल वर्मा, कमल बमेठा, हिमांशु धामी, हरीश भट्ट, नंदकिशोर मिश्रा, मोहन भट्ट, गौतम भट्ट, दिनेश पांडे, मोहित दुम्का, गजेंद्र राणा आदि व्यापारी मौजूद थे।

# फिल्मी दुनिया

## एंजियोप्लास्टी के दौरान ओटी में हंस रही थीं सुष्मिता सेन





*अभिनेत्री सुष्मिता सेन इन दिनों अपनी वेब सीरीज आर्या 3 की सफलता का आनंद ले रही हैं। सीरीज की शूटिंग के दौरान अभिनेत्री को दिल का दौरा पड़ा था। हाल ही में उन्होंने इस बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक से ठीक छह महीने पहले उनकी मेडिकल रिपोर्ट्स बिल्कुल नॉर्मल थीं। इसके साथ ही अपने ऑटोइम्यून स्थिति को लेकर भी विस्तार से बात की। सुष्मिता सेन ने एक बातचीत के दौरान बताया कि वह एक ऑटोइम्यून बीमारी से पीड़ित थीं। उन्होंने कहा, अपनी ऑटोइम्यून स्थिति से गुजरते वक्त मुझे काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। इसमें सबसे बड़ी समस्याओं में से एक ब्रेन फॉग है। मैं आपसे पूछती हूं कि आपका नाम क्या है? और फिर दो सेकंड बाद मैं आपसे दोबारा पूछती हूं कि आपका नाम क्या है? मुझे माफ करें। एक पब्लिक फिगर के रूप में ये कुछ ऐसा था जिसने मुझे बहुत परेशान कर दिया था। क्योंकि मैं अचानक जागरूक और सचेत रहने की शक्ति में नहीं थी। अपने दिल के दौरे के बारे में बात करते हुए सुष्मिता ने बताया कि वह कैसे अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रही हैं, क्योंकि उनके माता-पिता भी दिल के मरीज थे। उन्होंने यह भी कहा कि दिल का दौरा पड़ने से छह महीने पहले तक उनकी रिपोर्ट अच्छी थी। उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि एंजियोप्लास्टी के दौरान वह ऑपरेशन थिएटर में हंस रही थीं।*

### टेबल पर भी हंस रही थी

*अभिनेत्री ने कहा, मैं जिंदगी का जश्न मनाने वाली इंसान हूं। मैं हमेशा से खुशमिजाज रही हूं। इसलिए इस परेशानी से निपटने में मुझे वास्तव में मदद मिली क्योंकि मैं ओटी की टेबल पर भी हंस रही थी। उन्होंने कहा, मैं अपने डॉक्टर के साथ मजाक कर रही थी। मेरे पास एक बहुत ही अच्छा डॉक्टर था। इसलिए हम बस एंजियोप्लास्टी होते हुए देख रहे थे और हमने वास्तव में बहुत अच्छा समय बिताया।*

# जिला कारागार नैनीताल में बंदियों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार जिला कारागार नैनीताल में बंदियों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार में आरएसईटीआई के सहयोग से शुरू किया गया।

बंदियों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम उच्चतम न्यायालय द्वारा समय समय पर यह अवधारित किया जाता है। कारागार में निरुद्ध बंदियों को कौशल विकास के लिए प्रशिक्षत किया जाना ,उनके बेहतर भविष्य के लिए पुनर्वास का अवसर प्रदान करता है। इसी विचारधारा के अग्रसरण में उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में जिला कारागार में ,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा आरएसईटीआई के सहयोग से बंदियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



News कॉर्नर

## ड्राइवर का पर्स चुरा ले भाग उचक्का

**हल्द्वानी।** संभल से सीमेंट का ट्रक लेकर हल्द्वानी पहुंचे चालक का पर्स उचक्के ने पार कर दिया। चालक ने मामले की शिकायत पुलिस में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बेगमसराय संभल उत्तर प्रदेश निवासी मोहम्मद मुदस्सिर पुत्र नफीस अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह 18 फरवरी को ट्रक संख्या यूपी38टी-3151 से सीमेंट लेकर हल्द्वानी पहुंचा था। उसने वाहन को मंडी बाईपास के पास खड़ा कर दिया। इसके बाद वह सो गया रात में दो ढाई बजे के आसपास एक व्यक्ति उसके जेब में रख पर्स और उसका मोबाइल लेकर भाग गया। उसने उसका पीछा भी किया लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## छात्रों को बताए जाएंगे ई-सिगरेट के दुष्प्रभाव

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के हानिकारक प्रभाव बताते हुए जागरुक किया जाएगा। साथ ही ई-सिगरेट के निषेध होने संबंधी जानकारी भी दी जाएगी। इस संबंध में उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षा के निदेशक महावीर सिंह बिष्ट ने प्रदेश के समस्त मुख्य शिक्षाधिकारियों को पत्र जारी किया है। पत्र में भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय विधालयों शिक्षा और साक्षरता विभाग के पत्र के संदर्भ में छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के हानिकारक प्रभावों को लेकर जागरूक करने व इसके निषेध होने के बारे में भी बताने के लिए निर्देशित किया गया है। गौरतलब है कि महानगरों में देखा गया है कि स्कूली छात्र ई-सिगरेट के लती होकर परेशानी में हैं। बड़े शहरों में ई-सिगरेट आसानी उपलब्ध हो जा रही हैं।

# एमईआरयू स्थापित करने की दिशा में राष्ट्रीय स्तर पर 26 विश्वविद्यालयों का चयन

**हल्द्वानी**

अफजल फौजी, नैनीताल




इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी में प्राचार्य प्रो0 शशि पुरोहित सहित समस्त स्टॉफ ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किए गए कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। प्राचार्य प्रो0 शशि पुरोहित ने बताया कि ये कांफ्रेंस केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित की गई एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में पीएम-उषा कार्यक्रम को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के कर कमलों से एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्र को समर्पण किया गया। साथ ही प्राचार्य ने बताया कि ये हमारे लिए अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विश्वविद्यालयों में बहुविधात्मक शिक्षा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय (एमईआरयू) स्थापित करने की दिशा में राष्ट्रीय स्तर पर 26 विश्वविद्यालय को चयनित किया गया है, जिसमें उत्तराखंड राज्य सरकार के नेतृत्व एवं माननीय कुलपति कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल प्रो0 डी0 एस0 रावत के मार्गदर्शन में हमारे कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल का चयन एमईआरयू के अंतर्गत केंद्र स्थापित किए जाने हेतु किया है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के खुलने के बाद कई शोध एवं अनुसंधान के कार्य किए जाएंगे जिससे राज्य के साथ ही राष्ट्र के विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर प्रो0 टी0बी0 सिंह, प्रो0 नरेंद्र कुमार, डॉ0 रेखा जोशी, डॉ0 फकीर, डॉ0 ललिता जोशी, डॉ0 रेखा जोशी, डॉ0 नीता साह, डॉ0 प्रभा, डॉ0 चन्द्र प्रकाश, डॉ0 दिनेश जोशी, डॉ0 राजेश चौनवाल, डॉ0 विद्या, डॉ0 विभा, डॉ0 नेहा सिंह, डॉ0 गीता पंत, डॉ0 बीना जोशी, डॉ0 प्रदीप पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# वनभूलपुरा से प्रशासन ने कर्फ्यू हटाया

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



प्रशासन ने बनभूलपुरा से कर्फ्यू हटा दिया है। क्षेत्र में मंगलवार की सुबह 5 बजे से कर्फ्यू लागू नहीं होगा। इस संबंध में जिला अधिकारी वंदना सिंह ने आदेश जारी किया।

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने आदेश जारी करते हुए कहा कि 8 फरवरी को बनभूलपुरा क्षेत्र में घटित घटना को देखते हुए कानून व शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के लिए धारा-144 के अन्तर्गत हल्द्वानी स्थित बनभूलपुरा क्षेत्र में कर्फ्यू की घोषणा की गई थी। आदेश में कहा गया कि बाद में बनभूलपुरा क्षेत्र में कर्फ्यू में ढील दी गई।

वर्तमान परिस्थितियों में अब बनभूलपुरा में कर्फ्यू की जरूरत नहीं है। इसलिए धारा-144 के अन्तर्गत निर्गत कर्फ्यू आदेश 20 फरवरी को प्रातः 5 बजे से समाप्त किया जाता है। बता दें कि वनभूलपुरा के मलिक का बगीचा में अवैध निर्माण ढहाने के बाद बवाल हो गया था। जिसके बाद पुलिस ने सख्ती बरतते हुए पूरे क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया था और इंटरनेट सेवा भी ठप कर दी थी। इधर क्षेत्र में धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हुई तो प्रशासन ने भी लोगों को राहत देते हुए कर्फ्यू में ढील देनी शुरू कर दी। अब क्षेत्र में पूरी तरह से शांति बहाली हो चुकी है ऐसे में प्रशासन ने कर्फ्यू समाप्त कर दिया है। वहीं पुलिस हिंसा में शामिल 68 लोगों को अब तक गिरफ्तार कर चुकी है।

### लोग शांति व्यवस्था बनाए रखें: सिटी मजिस्ट्रेट

सिट मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन प्रभावित क्षेत्र के लोगों के साथ है और उनकी हर संभव मदद का प्रयास कर रहा है। क्षेत्र में लगा कर्फ्यू हटा दिया गया है, अब ऐसे में शांति व्यवस्था बनाए रखना लोगों का काम है।

# बोर्ड इग्जाम के बाद होगी छूटे बच्चों की परीक्षाएं

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

इन दिनों स्कूलों में गृह परीक्षाएं चल रही है। वनभूलपुरा क्षेत्र में कर्फ्यू लगा होने की वजह से स्कूल बंद थे जिस कारण से बच्चे गृह परीक्षाओं को लेकर चिंतित थे। इधर मंगलवार से कर्फ्यू समाप्त होते ही स्कूल खुल गए और बच्चे उत्साह के साथ परीक्षा देते नजर आए। राजकीय बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्य सविता श्रीवास्तव ने बताया कि जिन बच्चों के पेपर छूट गए हैं उनकी परीक्षाएं बोर्ड इग्जाम के बाद होंगे।



### आज से खुल गए क्षेत्र के स्कूल

कर्फ्यू समाप्त करने के साथ ही क्षेत्र के स्कूल भी खुल गए हैं। स्कूल खुलने से काफी चहल पहल भी देखने को मिली। काफी समय बाद स्कूल खुलने के बाद बच्चों ने भी राहत की सांस ली है। स्कूल खुलने के बाद बच्चों को गृह परीक्षा में भी बैठने का मौका मिल गया है।

# लंबित ई-केवाईसी को पूरा करने के लिए 10 दिवसीय अभियान चलाया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडेय ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार के निर्देशानुसार लंबित ई-केवाईसी को पूरा करने के लिए कामन सर्विस सेंटर के सहयोग से 12 फरवरी से 21 फरवरी 2024 तक 10 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम को प्रभावी रूप से सफल बनाने हेतु ग्राम स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है,जिसमें ग्राम नोडल अधिकारी और कामन सर्विस सेंटर के सहयोग से लंबित किसानों की द्-ई-केवाईसी को पूरा किया जाएगा।

जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा ग्राम नोडल अधिकारियों को उक्त कार्य हेतु प्रोत्साहन धनराशि की व्यवस्था की गई है। जिसके अनुसार प्रत्येक लंबित ई-केवाईसी पर रूपए 10.00 ( 100 से अधिक लंबित ई-केवाईसी करने पर रूपए 500.00 अतिरिक्त एवं 200 से अधिक लंबित ई-केवाईसी करने पर रूपए 1000.00 अतिरिक्त) प्रत्येक भू-आलेखों का सत्यापन पर रूपए 10.00 एवं नये पात्र कृषकों के पंजीकरण पर रूपए 15.00 देय होगा। जिसका भुगतान योजना के प्रशासनिक मद से मुख्य कृषि अधिकारी नैनीताल द्वारा किया जायेगा।साथ ही नामित ग्राम नोडल अधिकारी के माध्यम से पात्र कृषकों को योजना की आगामी किश्त का लाभ प्राप्त होने के सम्बंध में भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक ग्राम सभा में ग्राम नोडल अधिकारी एवं कामन सर्विस सेंटर की मदद से विशेष कैम्प आयोजित कर 21 फरवरी 2024 तक अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी कराने का कार्य पूर्ण किया जाये, जिससे आगामी किश्त का लाभ जनपद के अधिकतम किसानों को प्राप्त हो सके। बताया कि 24 फरवरी को जिले में सभी विधानसभा स्तर पर मेले का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम नोडल अधिकारी जिन्होंने अपना कार्य पूर्ण कर लिया है, वह अपने नाम दिनांक 23-2-2024 तक मुख्य कृषि अधिकारी नैनीताल के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें । उन्होंने सभी अधिकारियों को कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बताया कि भारत सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें कृषकों को डीबीटी के माध्यम से तीन समान किस्तों में भारत सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि की 6000-00 रू0 की धनराशि प्रदान की जाती है।

## जिला अस्पताल को मिला आयुष्मान उत्कृष्टता सम्मान

**अल्मोड़ा।** आयुष्मान योजना के तहत जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर इलाज देने के लिए अस्पताल को राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण ओर से आयुष्मान उत्कृष्टता सम्मान से नवाजा गया है। योजना के तहत जिला अस्पताल में छह हजार से अधिक मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया।

अस्पताल को इस सम्मान के लिए प्रदेश भर के अस्पतालों की टॉप-3 सूची में शामिल किया गया। अस्पताल को यह सम्मान मिलने से यहां तैनात बेनिफिसियरी फैसिलिटेशन एजेंसी और आयुष्मान कर्मियों के साथ पूरे स्वास्थ्य विभाग में खुशी की लहर है।

# दंगे में मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख के राहत राशि दी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



जमीयत उलमा ए हिन्द ने बनभूलपुरा दंगे के पांच मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख के राहत राशि के चेक प्रदान किए हैं। साथ ही घायलों को भी आर्थिक मदद दी गई है। बता दें कि बीती आठ फरवरी को वनभूलपुरा के मलिक का बगीचा क्षेत्र में नजूल भूमि पर बने मदरसा और धार्मिक स्थल के अतिक्रमण हटाने के दौरान हिंसा फैल गई थी। जिसमें छह लोगों की मौत समेत सैकड़ों पुलिस-मीडिया कर्मी और क्षेत्रवासी घायल हो गए थे। क्षेत्र में फैली हिंसा को देखते हुए डीएम ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्काल पूरे हल्द्वानी नगर क्षेत्र में कर्फ्यू लगाने का आदेश जारी किया था। बीती 10 फरवरी को क्षेत्र की कानून व्यवस्था में सुधार को देखते हुए डीएम ने सिर्फ वनभूलपुरा थाना क्षेत्र तक कर्फ्यू को सीमित कर दिया था। यह कर्फ्यू आज से समाप्त हो गया है। इधर जमीयत उलमा ए हिन्द के अध्यक्ष हजरत मौलाना सय्यद अरशद मदनी के नेतृत्व में घटना के पांच मृतकों को दो-दो लाख के चेक प्रदान किए हैं। जबकि एक मृतक के परिजनों को बाद में आर्थिक राशि का चेक प्रदान करने की बात कही गई। वहीं 13 घायलों को 20 से 25 हजार तक के आर्थिक मदद के चेक दिए गए। वहीं 300 दिहाड़ी मजदूरों को 15 दिन की राशन किट प्रदान की गई।

# खाद्य सचिव से मिले सरकारी राशन विक्रता, मानदेय जैसी मांगें उठाई

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



आल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष रेवाधर बृजवासी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल खाद्य सचिव एल फैनई से मिला।

सोमवार को देहरादून सचिवालय में खाध सचिव फैनई से मिले प्रदेश के सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता मानदेय सहित कई मांगों के समाधान की मांग उठाई। इस दौरान सचिव ने विक्रेताओं की सभी समस्याओं पर बिन्दुवार गम्भीरता और धैर्य से चर्चा की और सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरीश पंत, प्रदेश महामंत्री संजय शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष हरिद्वार नरेंद्र शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष रूद्रप्रयाग अंशुल जगवाण, प्रदेश सचिव विनय पाल सिंह रावत (टिहरी), प्रदेश कोषाध्यक्ष कुन्दन शर्मा, नैनीताल से कृष्ण कुमार, मुकेश छिमवाल (कोटाबाग), पंकज राणा ( रूद्रप्रयाग) आदि शामिल थे।